## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वाइन फ्लू के संबंध में सीएमएचओ ने जारी की एडवायजरी

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा स्वाइन फ्लू को लेकर एडवायजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग स्वाइन फ्लू बीमारी को लेकर अलर्ट मोड में है जिले में अभी दो ही केश स्वाइन फ्लू के पाये गये है जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है और एक रायपुर के एम.एम.आई अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने कहा कि जहां भी स्वाइन फ्लू के नए मरीज पाये जाये तो उनके परिजनों और आस-पास पड़ोसियों की जाँच करने हेतु निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वाइन फ्लू के लक्षण एवं बवाव के संबंध में जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है।

**स्वाईन फ्लू के लक्षण-** बुखार, खांसी, गले में खरास, शरीर में दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, थकान ये स्वाइन फ्लू के लक्षण है तथा कभी-कभी दस्त अल्टी की शिकायत भी हो सकती है यह एक संक्रमण है जो एक वायरस के कारण होता है। जो एक सवंमित व्यक्ति से सामान्य व्यक्ति में फैलता है

**सावधानयां-** खाँसते, छींकते समय नाक व मुंह को टिशू/कपड़े से ढ़के। हाथों को अक्सर साबुन और पानी से धोएं अथवा सेनेटायजर का प्रयोग करतें रहें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अनावश्यक जाने से बचें। लक्षण नजर आते ही तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर इलाज करवायें।

### आदर्श स्कूल चक्रधरनगर में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**रायगढ़।** आदर्श स्कूल चक्रधर नगर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ देवेंद्र साहू एवं सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ अंकिता मुदलियार उपस्थित थे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने करियर के चुनाव एवं अध्ययन हेतु प्रेरित किया और बच्चों से कहा कि जीवन के लिए सफलता का पढ़ाई के अलावा और दूसरा कोई विकल्प नहीं है, हमें अपने अध्ययन में विशेष ध्यान देना चाहिए एवं अपने सपनों की उड़ान को ऊंचा रखना चाहिए। सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकिता मुदलियार ने पीड़ित क्षतिपूर्ति के बारे में बच्चों को अवगत कराया और उन्हें अपराधों से विरत रहने कि सलाह दी एवं गुडटच एवं बैडटच के बारे में बताया गया। साथ ही नि:शक्त जनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं, बच्चों के लिये नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया जिसका उद्देश्य न्याय सबका अधिकार है। इस तरह आदर्श चक्रधरनगर स्कूल में विधिक साक्षरता का सफल आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ के सभागार में आगामी लोक अदालत 21 सितंबर 2024 के संबंध में बैठक रखी गई। जिसमें न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना के मामलों का निपटारा करने के विषय में परिचर्चा की गई। उक्त बैठक में उपस्थित बीमा कंपनी अधिवक्ता एवं आवेदक पक्ष के अधिवक्ता के द्वारा मामलों में राजीनामा हेतु सेरलमेंट राशि का प्रस्ताव रखा गया साथ ही अधिक से अधिक मामलों का राजीनामा के माध्यम से निपटारा सुनिश्चित किया गया। आयोजित इस बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ठाकुर, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र तथा बीमा कंपनी एवं आवेदक पक्ष के सम्मानित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे, मंत्रालय और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 9 लोगों से 20 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया देवकी धुरव 27 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रति शर्मा व स्वयं शर्मा ने प्रार्थिया व अन्य 8 लोगों को रेलवे, मंत्रालय व स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख 99 हजार रुपए ठग लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जिला स्तरीय गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में नटवर स्कूल रहे अव्वल

- नटवर स्कूल में बनेगा एस्ट्रो फिजिक्स का एक्टिविटी रुम
- जिले के सभी सात विकास खंडो से चयनित बच्चों ने की सहभागिता

**रायगढ़**





शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि जागृत करने, उनकी बारीकियां को समझने एवं उन्हें अवधारणत्मक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के प्रेरणा तथा निर्देश से रायगढ़ जिले में प्रतिमाह स्कूल स्तर से प्रारंभ करके जिला स्तरीय गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत जुलाई माह में जिले के सात विकास खंडों से सभी चयनित बच्चों ने शामिल होकर प्रतियोगिता में भाग लिया था। अगस्त माह का जिला स्तरीय कार्यक्रम 02 सितंबर 2024 को शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के सात विकास खंडों में अध्यनरत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय स्तर के विद्यार्थी जिन्होंने विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया था वे जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु रायगढ़ आकर क्विज प्रतियोगिता में भाग लिए। बच्चों में इस कार्यक्रम के प्रति विशेष रुचि एवं गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के तार्किक क्षमता का विकास, बच्चों के आत्मविश्वास का विकास, बच्चों के तात्क्षणिक क्षमता के साथ जवाब देने का विकास एवं प्रभावशाली शब्दों के प्रयोग का विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम के मार्गदर्शक जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर के. व्ही.राव ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों को प्रतिदिन वैज्ञानिकों के प्रेरक कहानी अध्ययन करने की सलाह देते हुए इस प्रतियोगिता के माध्यम से बारीक से बारीक गहन अध्ययन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में नटवर स्कूल में एस्ट्रोफिजिक्स से संबंधित एक एक्टिविटी रूम तैयार की जाएगी तथा सभी विषय के प्रयोग कार्यों पर विशेष बल दिया जाएगा।

जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन करने की सलाह दी तथा गणित विषय के प्रश्न को हल करने की विशेष तरीकों पर भी बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक संचालक तारशिला एक्का ने बच्चों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से भावी परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी। सहायक संचालक वर्षा शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों की क्षमता की तारीफ करते हुए उनके ज्ञान को सराहा तथा उन्हें भविष्य में सतत अध्ययन कर नोट्स बनाकर अध्ययन करने की सलाह दी।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी तथा एपीसी आलोक स्वर्णकार ने सभी प्रेरक शिक्षक जिन्होंने बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को कुछ प्रतियोगिता को आगामी प्रतियोगी परीक्षा की प्रथम सीढ़ी बताते हुए सतत एवं गहन अध्ययन करने की सलाह दी तथा उन्होंने इस प्रतियोगिता से बच्चों में विकसित होने वाले गुणों की भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र पर्वत व्याख्याता ने बच्चों को शुभकामना देते हुए भविष्य में इस कार्यक्रम में हम और क्या सुधार कर सकते हैं की सलाह लेते हुए आगामी प्रतियोगिता में कुछ नए तरीकों से प्रश्न पूछने हेतु आस्वस्त किया। कार्यक्रम का संचालन विकास मिश्रा व्याख्याता एवं मेघा अग्रवाल व्याख्याता ने किया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डीपी पटेल सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहे। इस दौरान एपीसी भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता में सभी ने किया बेहतर प्रदर्शन-** जिला स्तरीय इस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, द्वितीय स्थान शासकीय सेजस स्कूल खरसिया तथा तृतीय स्थान शासकीय सेजस कापू के विद्यार्थी रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन नटवर स्कूल की प्राचार्य रूबी सज्जू वर्गीस ने व्यक्त करते हुए बच्चों को भविष्य के लिए इस प्रतियोगिता के माध्यम से तैयार होने की सलाह दी तथा बच्चों को स्वयं में अपने दृष्टिकोण को वैज्ञानिक रूप से समृद्ध करने की सलाह दी तथा बच्चों को के टॉपिक के गहन अध्ययन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की व्याख्याता गायत्री स्वर्णकार कम्प्यूटर शिक्षक अभिषेक घर दीवान आईटी एक्सपर्ट अवनीश शर्मा का विशेष रूप से सहयोग रहा।

# जिले में राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़**

ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत धनागर ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने की तथा कार्यक्रम में धनागर की सरपंच भीषिता पटेल उपस्थित रहीं। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी राम कच्छप एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर उपस्थित रहे। पोषण माह कार्यक्रम के शुभारंभ में 04 बच्चों का अन्नप्राशन 03 गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं बाल भोज का आयोजन किया गया। साथ ही किशोरी बालिकाओं का एनीमिया जॉच कराया गया। कार्यक्रम के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल जी ने कहा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन शासन की अच्छी पहल है। जिसके माध्यम से कुपोषण और स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जन जागरूकता लायी जा सकती है। उक्त कार्यक्रम में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

शहरी क्षेत्र के चक्रधर नगर के हनुमान नगर आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जानकी काटजू नगर निगम महापौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में 04 बच्चों का अन्नप्राशन एवं बाल भोज का आयोजन किया गया। साथ किशोरी बालिकाओं का एनीमिया जांच कराया गया। काटजू महापौर ने कार्यक्रम के संबंध में कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जन जागरूकता लाने का उचित माध्यम है। सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि पोषण मुक्त देश प्रधानमंत्री जी का सपना है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता लाना है।

राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के द्वितीय सप्ताह में 11 सितम्बर से 20 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाना है। साथ ही सभी स्कूलों में एनीमिया जॉच किया जाना है। आज से जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का शुभारंभ किया जा चुका है। जिसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में निर्धारित कलेन्डर अनुसार प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# ग्रैमी अवार्ड विजेता बांसुरी वादक राकेश चौरसिया चक्रधर समारोह में 10 सितंबर को बिखरेंगे अपनी धुनों का जादू

- संगीत के क्षेत्र में पूरी दुनिया में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है ग्रैमी अवार्ड
- पहला मौका होगा जब ग्रैमी अवार्ड विजेता कलाकार चक्रधर समारोह में करेंगे शिरकत
- पद्म विभूषण हरिप्रसाद चौरसिया के हैं भतीजे, उन्हीं से सीखा है बांसुरी वादन

**रायगढ़**





39 वें चक्रधर समारोह में शिरकत करने अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी बांसुरी के धुनों का जादू बिखेर चुके और संगीत के क्षेत्र में पूरी दुनिया में सर्वोच्च सम्मान माने जाने वाले ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित राकेश चौरसिया भी पहुंच रहे हैं। 10 सितंबर की शाम वे अपने ग्रुप के साथ प्रस्तुति देंगे। जहां उनके बांसुरी की धुनों की तबले की थाप के साथ संगत सुनने को मिलेगी।

राकेश चौरसिया देश के बांसुरी लीजेंड और पद्म विभूषण से सम्मानित हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे और शिष्य हैं। पद्म विभूषण हरिप्रसाद चौरसिया भी वर्ष 2015 में चक्रधर समारोह में पधार चुके हैं। राकेश चौरसिया ने सोलो बांसुरी वादक के रूप में ख्याति अर्जित करने के साथ ही फिल्म निर्देशकों के साथ काम किया।

**पहली बार ग्रैमी में मिला नॉमिनेशन, जीते 2 अवार्ड-** इस साल 2024 के ग्रैमी अवॉड्र्स में उन्हें 2 पुरुस्कार प्राप्त हुए हैं। राकेश चौरसिया ने एल्बम एज वी स्पीक के लिए 2024 में सर्वश्रेष्ठ समकालीन वाद्य एल्बम की श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त इस एल्बम के पश्तो ट्रैक के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन की श्रेणी में भी उन्होंने ग्रैमी पुरस्कार जीता। यहां गौर करने वाली बात यह है कि राकेश चौरसिया के लिए यह पहला अवसर था जब उन्हें ग्रैमी अवार्ड के लिए नॉमिनेशन मिला और दो कैटेगरी में नामांकित होने के बाद उन्होंने दोनों ही ग्रैमी अवार्ड जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

**इंस्ट्रूमेंटल एल्बम 'एस वी स्पीक' में अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ की जुगलबंदी-** राकेश चौरसिया ने जिस एल्बम एस वी स्पीक के लिए ग्रैमी जीता है। उसमें अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ जुगलबंदी की है। उन्होंने उस्ताद जाकिर हुसैन, अमेरिकी बैंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बेस गिटारिस्ट और कंपोजर एडगर मायर के साथ मिलकर एस वी स्पीक में काम किया है। यह एक इंस्ट्रुमेंटल एल्बम है जो पुरी दुनिया में खासा चर्चित हुआ था।

**पहला मौका होगा जब ग्रैमी अवार्ड विजेता कलाकार चक्रधर समारोह में करेंगे शिरकत-** चक्रधर समारोह के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब ग्रैमी अवार्ड विजेता कोई कलाकार पुरस्कृत होने के पश्चात समारोह में हिस्सा लेने आ रहे हैं। राकेश चौरसिया को इसी वर्ष ग्रैमी अवार्ड से नवाजा गया है। समारोह के श्रोताओं के लिए उनको सुनना एक अद्भुत अनुभव होगा।

# 540 लीटर डीजल चोरी का मामले में पुलिस ने दो ट्रक चालकों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



दिनांक 02 सितंबर 2024 को धनपुरी रायपुर निवासी राहुल सेन (उम्र 35 साल) द्वारा पुसौर थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, जिसमें बताया गया कि ट्रक क्रमांक ओडी 15 एक्स 7577 एवं ओडी 15 एक्स 7677 के मालिक श्याम अग्रवाल के वाहन चालकों द्वारा 540 लीटर डीजल और अन्य सामान चोरी कर लिए हैं। दोनों ट्रक तमनार कोल माइंस से कोयला लोड कर विशाखापट्टनम के लिए रवाना हुए थे।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ट्रक 06 जून को बालाजी पेट्रोल पंप, गेरवानी से फुल टैंक डीजल लेकर विशाखापट्टनम के लिए निकले थे। दोनों वाहन पुसौर क्षेत्र के रौनक ढाबा, कठली के पास खड़ी मिलीं। ट्रक चालकों अशोक साहू और कृष्ण कुमार साहू ने 540 लीटर डीजल चोरी कर बेच दिया, साथ ही रास्ते खर्च के लिए दिए गए रु.16,000 भी लेकर फरार हो गए थे। इसके अलावा, ट्रकों में रखे जैक और स्टेपनी को भी चोरी कर लिया गया।

आवेदन पर पुसौर थाना में अप.क्र. 199/2024 धारा 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान, पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार की और बताये कि कुछ डीजल रास्ते में और कुछ डीजल, जैक, स्टेपनी को रौनक ढाबा के पास वाहन चालकों को बेचे दिए। आरोपी- (1) अशोक कुमार साहू पुत्र चन्द्रशेखर साहू उम्र 30 वर्ष निवासी पराई थाना चितरागी जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) (2) कृष्ण अवतार साहू हीरामणि साहू उम्रा 28 वर्ष साकिन्ना बहेरा थाना बहरी जिला सीधी (मध्य प्रदेश) के कब्जे से डीजल और अन्य सामान की बिक्री से शेष बचत राशि क्रमशः रु.7,500 और रु.7,000 गवाहों की उपस्थिति में जप्त की गई। इस पूरे मामले में पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे और उनके हमराह स्टाफ ने आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### ग्राम कोटवारों की बैठक

# थाना प्रभारियों ने दिए सुरक्षा और सतर्कता के दिशा-निर्देश

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में दिनांक 02 सितंबर 2024 को थाना खरसिया, कोतरारोड़ और जूटमिल में ग्राम कोटवारों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने और अपराधों की रोकथाम के संबंध में थाना प्रभारियों ने ग्राम कोटवारों से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए:

1. घटनाओं की त्वरित सूचना : सभी ग्राम कोटवारों को निर्देशित किया गया कि किसी भी आपात स्थिति, घटना, या दुर्घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाने को दी जाए। इस त्वरित सूचना व्यवस्था से अपराधों को समय रहते रोका जा सकेगा और आवश्यक पुलिस सहायता भी तुरंत उपलब्ध कराई जा सकेगी।
2. नियमित थाने की उपस्थिति : कोटवारों को अपने-अपने नियत थाने में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे अपने क्षेत्र की स्थिति से पुलिस को अवगत कराते रहें।
3. पुलिस-कोटवार व्हाट्सएप ग्रुप : बैठक में पुलिस-कोटवार व्हाट्सएप ग्रुप के महत्व पर जोर दिया गया। कोटवारों को इस ग्रुप के माध्यम से समय-समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।
4. सामुदायिक सहभागिता : ग्राम कोटवारों को अपने क्षेत्रों में नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा गया, ताकि अपराध और अन्य असामाजिक गतिविधियों की पहचान और रोकथाम में मदद मिल सके।
5. सतर्कता और जागरूकता अभियान: कोटवारों को ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। उन्हें ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक के अंत में थाना प्रभारियों ने कोटवारों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है और सभी प्रकार की आवश्यक जानकारी और सहायता उन्हें समय पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

### अपर कलेक्टर पाण्डेय ने ली मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

# मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के संबंध में दी गई जानकारी

**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में संपन्न होना है। जिसके तहत 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर सर्वे कर सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करना है जिसमें अच्छी गुणवत्ता वाले फोटो को सुनिश्चित करना है, अनुभाग/भागों का पुनर्गठन और मतदान केन्द्र के अनुभाग/भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन करना है। इसी तरह 19 से 28 अक्टूबर 2024 तक प्रारूप 1 से 8 की तैयारी जिसमें जेण्डर रेसियो, ईपिक रेसियों, एच ग्रुप, एड/डिलीट, ईपिक/फोटो, पीएस लोकेशन, सर्विस वोटर, माइग्रेट इलेक्टोर के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार किया जाएगा। पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि होगी। इसी प्रकार 9 से 17 नवम्बर तक विशेष शिविर आयोजित की जाएगी। 24 दिसम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण, 01 जनवरी 2025 तक स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डेटा बेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई करना है। इसके साथ ही 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मतदाता केन्द्रवार बूथ लेवल एजेंट की सूची प्राप्त कर समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाना है ताकि पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल एजेन्ट से आवश्यक सहयोग लिया जा सके। उन्होंने आग्रह किया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर उसकी प्रति उपलब्ध कराया जाए, ताकि संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी को भेजा जा सके। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने राजनीतिक दलों को कम वोटिंग प्रतिशत वाले स्थानों की जानकारी देते हुए ऐसे स्थानों से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम विलोपन एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने में बूथ लेवल एजेंट के सहयोग प्रदान करने की बात कही।

बैठक में मनीष पाण्डेय, सैय्यद सहबाज रिजवी, सरजू अजगल्ले, आशीष शर्मा, प्रिंकल दास, राजेश पाण्डेय, गोपाल बापोडिया सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की संख्या**

दिनांक 25.08.2024 की स्थिति में रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 9 लाख 2 हजार 739 मतदाता शामिल है। जिसमें 4 लाख 47 हजार 96 पुरूष, 4 लाख 55 हजार 616 महिला एवं 27 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा 15-लैलूंगा में पुरूष-1,02,763, महिला-1,04,332 कुल-2,07,095, विधानसभा 16-रायगढ़ में पुरूष-1,31,393, महिला-1,32,077, तृतीय ङ्क्षलंग-20, कुल-2,63,490, विधानसभा 18-खरसिया में पुरूष-1,08,281, महिला-1,09,098, तृतीय ङ्क्षलंग-4, कुल-2,17,383 तथा विधानसभा 19-धरमजयगढ़ में पुरूष-1,04,659, महिला-1,10,109, तृतीय ङ्क्षलंग-3, कुल-2,14,771 मतदाता शामिल है।

**मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही किया जाना है। वर्तमान में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र में 1085 मतदान केन्द्र स्थापित है। प्री एण्ड रिवीजन एक्टीविटिज अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी 2 कि.मी.एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी. वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480